# न्यायालय :: श्री दीपक कुमार, प्रधान जिला न्यायाधीश, शिवहर

## Title Appeal No. 01/2025

(C.N.R No. BRSO01-000027-2025)

**बीबी रोजीदन वगैरह** .................................................. **अपीलकर्तागण**

**बनाम्**

**मु0 नईमन खातुन वगैरह** .................................................. **प्रतिवादीगण**

**उपस्थित :–** श्री दीपक कुमार,
प्रधान जिला न्यायाधीश,
शिवहर।
03.08.2026

## आदेश

**दिनांक–**
**03.08.2026**

अपीलकर्ता की ओर से हाजिरी दिया गया।

वाद पुकारा गया।

पुकार पर अपीलकर्ता के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित हुए एवं पूर्व से दाखिल आवेदन दिनांक 27.07.2026 को प्रचालित करते हुए निवेदन करते है कि प्रस्तुत अपील ज्ञाप में कुछ त्रृटियॉ अपील दाखिल करने में हो गई है। जिस कारण अपील ज्ञाप नियमानुकूल पोषनीय नहीं है। इस कारण से अपीलकर्तागण इस अपील ज्ञाप को वापस लेने हेतु आवेदन दाखिल किये है। अपील ज्ञाप अभी अधिगृहित नहीं हुआ है। अतः श्रीमान् से निवेदन है कि अपील ज्ञाप को वापस कर खारिज किया जाए।

अभिलेख का परिशिलन किया। अभिलेख परिशिलन से स्पष्ट होता है कि यह वाद अभी तक सुनवाई हेतु ग्रहण नहीं किया गया है। अपीलकर्त्ता द्वारा शपथ–पत्र से समर्थित वाद वापसी हेतु आवेदन दाखिल किया गया है तथा वे इस मुकदमा को आगे चलाना नहीं चाहते है। इस वाद को वापसी के आधार पर खारिज करने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

अतः उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में अपीलकर्त्ता के निवेदन पर वापसी के आधार पर खारिज किया जाता है।

कार्यालय अभिलेख को नियमानुसार अभिलेखागार में जमा करें।

लेखापित एवं शुद्धिकृत,

प्रधान जिला न्यायाधीश,
शिवहर।
03.08.2026